ग्रे-जोन युद्ध

स्रोत: द हिंदू

रायसीना संवाद- **वर्ष 2024** में, भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ सहित सैन्य नेताओं ने दक्षिण चीन सागर और भारत की उत्तरी सीमाओं पर कार्रवाई के कारण ग्रे-ज़ोन युद्ध के तीव्र/प्रबल होने पर चर्चा की।

- ग्रे-ज़ोन युद्ध **संघर्ष के एक ऐसे रूप** को संदर्भित करता है जिसमें **ऐसी कार्रवाइयाँ हैं जो पारंपरिक युद्ध की सीमा से नीचे** आती हैं, लेकिन इसका उद्देश्य **अस्पष्टता, अस्वीकार्यता** और **दबाव** के माध्यम से रणनीतिक उद्देश्यों को प्राप्त करना है।
- ग्रे-ज़ोन युद्ध में, विरोधी प्रत्यक्ष युद्ध में शामिल हुए बिना अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये **साइबर हमले, आर्थिक ज़बरदस्ती** और **छद्म संघर्ष जैसी रणनीति** अपनाते हैं।
- यह शांति और संघर्ष के बीच की सीमाओं को धुंधला कर देता है, जिससे **अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा तथा स्थिरता** के लिये बहुत बड़ी चुनौतियाँ उत्पन्न होती हैं।

और पढ़ें: रायसीना संवाद

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gray-zone-warfare